वर्षः 7- अंकः 204, मुंबई, बुधवार, 11 अक्टूबर, 2017 , मूल्यः1 रु. ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस.खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर

## अब दिखेंगी माहिरा शर्मा 'किल' में पंजाबी गाने पर थिरकती हुई



(पृष्ठ 6-7 पर)


## कमर दर्द से परेशान हुए मुंबई मेयर

### बीएमसी ने खरीद दी 20 लाख की कार

(समाचार पृष्ठ 5 पर)





# पद्मावती का दाऊद कनेक्शन





## संजय लीला भंसाली पर सनसनीखेज आरोप



**जयपुर।** फिल्म पद्मावती का ट्रेलर रिलीज होने के साथ ही इसका विरोध कर रही श्री राजपूत करणी सेना ने फिर अपने तेवर दिखाए हैं। उसका आरोप है कि संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावती में माफिया डॉन दाऊद इब्राहिम और आईएसआईएस की भी अहम भूमिका है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## दीपिका बनी है रानी पद्मावती

## सेट्स पर हो चुकी है तोड़फोड़

*फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म 'पद्मावती' की शूटिंग के दौरान जयपुर में बवाल हो चुका है। गुस्साए करणी सेना कार्यकताओं ने जयगढ़ फोर्ट में लगाए गए सेट्स पर तोड़फोड़ मचाई थी और भंसाली के साथ बदसलूकी की थी। करणी सेना की दलील थी कि उन्होंने ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किए जाने का विरोध किया है। जबकि फिल्म निमार्ताओं का कहना था कि रानी पद्मावती और अलाउद्दीन खिलजी के पात्रों के बीच ऐसा कोई दृश्य नहीं दिखाया गया है। बवाल के बाद फिल्म शूटिंग को रोक दिया गया था और पूरी यूनिट वापस लौट गई थी।*

## दिल्ली के बाद अब महाराष्ट्र में भी हो सकता है पटाखा बैन



**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली में पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है जिसे लेकर विरोध शुरू हो गया है। वहीं अब खबर है कि दिल्ली की तरह महाराष्ट्र में भी पटाखों पर बैन लग सकता है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## पटाखा बैन पर भड़के त्रिपुरा के गवर्नर

### कहा- अवॉर्ड वापसी गैंग चिताओं पर भी डाल दे याचिका



**अगरतला।** दिल्ली-एनसीआर में इस दिवाली पर पटाखों पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से प्रतिबंध लगाए जाने को लेकर सोशल मीडिया पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं व्यक्त की जा रही है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# खार पश्चिम के तीसरे रास्ते पर गड़बड़झाला




होटल क्वार्टर पीलर

## चार होटल- एक लाइसेंस

## मनपा का अनोखा भ्रष्टाचार

## जांच की मांग

(समाचार पृष्ठ 3 पर)

# जीएसटी में कटौती बीजेपी के अहंकार की हार है: शिवसेना

**मुंबई।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में पिछले दिनों की गई कटौती के बाद सत्ता में भागीदार शिवसेना ने बीजेपी पर आरोप लगाया है कि सरकार ने यह फैसला गुजरात चुनावों को ध्यान में रखकर लिया है। शिवसेना ने इसे बीजेपी सरकार के अहंकार की हार और लोगों की जीत बताया है।

शिवसेना के मुखपत्र सामना में प्रकाशित एक संपादकीय में कहा गया है कि देश की गर्दन पर नोटबंदी की कुल्हाड़ी चलने के बाद से अर्थव्यवस्था कभी उबर नहीं सकी। जीएसटी का हथियार सुस्त अर्थव्यवस्था के खिलाफ इस्तेमाल किया गया और महंगाई बढ़ गई। जीएसटी के लागू होने के बाद लोगों का गुस्सा आग में तब्दील हो गया।



सूरत, राजकोट और अहमदाबाद में छोटे व्यापारी जीएसटी के खिलाफ सड़कों पर उतर आए जिसने गुजरात में सरकार विरोधी माहौल बना दिया। इस वजह से सरकार को दरों में कटौती करने पर मजबूर होना पड़ा। शिवसेना ने कहा है कि जीएसटी दरों को कम करने का फैसला इसलिए लिया ताकि गुजरात चुनाव में इसकी भारी कीमत नहीं चुकानी पड़े। व्यापारियों और आम लोगों के गुस्से के बाद जीएसटी के दरों में कटौती करके सरकार अपने अंहकार को एक तरफ रखकर झुक गई। यह लोगों की जीत है। शिवसेना का यह भी कहना है कि मोदी का शुरू से मानना था कि अगर जीएसटी को लागू किया गया तो मंहगाई बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था सुस्त होगी और गुजरात के मुख्यमंत्री रहते उन्होंने जोरदार तरीके से इस कर व्यवस्था का विरोध किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद बीजेपी ने जीएसटी को लागू कर दिया। इस प्रकार मोदी अपनी बात से पीछे हटे। नोटबंदी और जीएसटी जैसे फैसलों ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया।

## लापरवाह बीएमसी की वजह से 77 साल की बुजुर्ग घायल

**मुंबई।** बीएमसी की लापरवाही लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़कों के गड्ढे यहां लोगों को चोटिल कर रहे हैं। वरली की रहने वाली एक 77 वर्षीय बुजुर्ग महिला की खराब सड़क की वजह से दुर्घटना हो गई। महिला का चेहरा चोटिल हो गया और हालत गंभीर है। वरली की रहने वाली पिम्मी सेठ सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थीं। इलाके की सड़क इतनी अधिक खराब है कि उनका पैर एक गड्ढे में गया और वह वहीं गिर पड़ीं। महिला की बेटी प्रिया



बॉलीवुड में सिनेमेटोग्राफर है। उन्होंने बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया है। फिल्म एयर लिफ्ट और रिलीज होने जा रही फिल्म सेफ में भी काम किया है। इस फिल्म में अभिनेता सैफअली खान हैं। प्रिया ने बताया कि उनकी मां वरली वॉकर्स संगठन की सदस्य हैं। उन्होंने खराब सड़क को ठीक कराने के लिए बीएमसी को कई पत्र लिखे। मगर उनकी शिकायत पर किसी तरह का कोई कदम नहीं उठाया गया। हादसों को दावत दे रही सड़कों की वजह से आए दिन लोगों के चोट लगती है और जान जाती है। मेरी मां गंभीर रूप से घायल है। उनका चेहरा खून से लथपथ हो गया था जब वह गिरी थीं। लोगों ने हादसे के बाद उन्हें ब्रिज कैंडी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था।

## लोकल ट्रेन में गूंजी किलकारी, महिला ने दिया बच्ची को जन्म



**मुंबई।** मुंबई के दादर रेलवे स्टेशन के लोकल ट्रेन में शनिवार रात जब नवजात की किलकारी गूंजी तो हर किसी की आंखें उस पर ठहर गई। 26 वर्षीय सलमा शेख की इस बच्ची की एक झलक देखने के बाद डॉक्टर-नर्स से लेकर हर किसी के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। दरअसल दादर स्टेशन पर कल्याण से सीएसटी लोकल ट्रेन जा रही थी। सलमा शेख उसी ट्रेन में सफर कर रही थी। जब यह ट्रेन दादर स्टेशन के प्लेटफॉर्म-3 पर रुकी थी तभी सलमा को पेट में दर्द शुरू हुआ। आननफानन में डॉक्टरों को बुलाया गया, जहां सलमा ने ट्रेन में ही बच्ची को जन्म दिया।

डॉक्टरों की मानें तो मां और बेटी सुरक्षित हैं। प्रसव कराने में एक रुपए क्लिनिक के चिकित्सकों ने अपना सहयोग दिया। प्रसव के तुरंत बाद मां और बेटी को नजदीक के हॉस्पिटल केइएम में भर्ती कराया गया। अब दोनों की हालत स्थिर है। दरअसल लोकल ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए 'एक रुपये क्लिनिक' की स्थापना हुई है। इसी के तहत गर्भवती महिला का इलाज हुआ। इस क्लीनिक को शुरू करने का मकसद है कि यात्रियों को इमर्जेंसी के समय मेडिकल सुविधा मिल सके। इस क्लिनिक को शुरू करने वाले डॉक्टर प्रज्वलित ने बताया कि बच्चे का जन्म रात के 10:17 पर हुआ था। उस समय महिला जीआरपी भी मौजूद थीं।

# पेट्रोल 2 रुपए और डीजल होगा एक रुपया सस्ता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में आसमान छूती पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कुछ कमी होगी। राज्य सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले वैट में कमी करने का फैसला किया है। हालांकि इस पर आधिकारिक मुहर मंगलवार को होने वाली राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लगेगी। वैट कम करने से राज्य सरकार को दो हजार करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान होगा। पेट्रोलियम उत्पादों की ऊंची कीमतों के कारण आलोचना झेल रही केंद्र सरकार ने हाल ही में टैक्स की दरें कम करने के बाद राज्य सरकारों से भी वैट कम करने की अपील की थी।

केंद्र सरकार ने राज्यों को वैट में पांच फीसदी कमी करने को कहा था लेकिन महाराष्ट्र सरकार ने पांच फीसदी की बजाय पेट्रोल की कीमत में दो रुपए और डीजल की कीमत में एक रुपए कटौती का फैसला किया है। मंगलवार को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में वित्त विभाग इससे जुड़ा प्रस्ताव पेश कर सकता है।

वैट से 19 हजार करोड़ की होती है कमाई

नवी मुंबई और ठाणे में पेट्रोल पर 25 प्रतिशत और राज्य के अन्य जिलों में 26 प्रतिशत वैट है।



इसके अतिरिक्त भी प्रति लीटर 11 रुपए अधिभार लगाया जाता है। इसी प्रकार डीजल पर भी मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे में 21 प्रतिशत और अन्य जगहों पर 22 प्रतिशत वैट लगता है। इसके अतिरिक्त प्रति लीटर दो रुपए अधिभार वसूला जाता है। पेट्रोल-डीजल पर वैट से राज्य सरकार को 19,000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई होती है। पिछले वित्तवर्ष के दौरान सरकार को पेट्रोल से सात हजार 300 करोड़ रुपए जबकि डीजल से 10 हजार 500 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था।

# चूहे कुतरते रहे मरीज की आंख, शिकायत पर अस्पताल ने कहा-10 रु में क्या-क्या करें

**मुंबई।** बीएमसी (बृहनमुंबई महानगरपालिका) के अस्पताल में मरीजों की देखभाल में किस कदर लापरवाही बरती जाती है इससे जुड़ा एक ताजा मामला मुंबई के कांदिवली स्थित शताब्दी अस्पताल में देखने मिला। यहां इलाज कराने आई एक महिला पेशेंट की पैर चूहों ने कुतर दिए। वहीं, कुछ दिन पहले हुए ऐसे ही एक मामले में चूहों ने महिला की आंख कुतर डाली।

मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई की रहने वाली 65 साल की शिलाबेन शाह अपने पैर की हड्डियों का इलाज कराने शताब्दी अस्पताल में भर्ती हुई थी। तभी रात में उन्हें अचानक पैर में दर्द उठा। जब उन्होंने उठकर देखा तो चूहे उनके पैर का मांस कुतर रहे थे।

बता दें कि बीते एक हफ्ते में शताब्दी अस्पताल में चूहों द्वारा मरीज को कुतरने की यह दूसरी घटना है। इसके पहले पैरालेसिस का इलाज कराने भर्ती हुई प्रमिला नेरुरकर के



साथ भी ऐसी ही दिलदहला देने वाली घटना हुई।

4 अक्टूबर की रात जब वह अस्पताल के कमरे में सो रही थी तब उनकी आंख और पैर चूहों ने कुतर दिए। पैरालेसिस होने के कारण वह दर्द के मारे छटपटाती रही। इस बीच उन पर बगल के बिस्तर पर सो रहे एक मरीज की नजर पड़ी तो उन्होंने चूहों को भगाया।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जब इस मामले की जानकारी परिजनों को लगी तो उन्होंने अस्पताल में हंगामा किया। यही नहीं, जब इसकी शिकायत लेकर परिजन अस्पताल प्रबंधन के पास गए तो उन्होंने कहा कि, ₹10 रुपए में एक पेशेंट को और क्या सुविधाएं दें।

उधर, चूहों के बारे में पूछे जाने पर चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेट डॉ। पी। जाधव ने कहा कि, श्हम मामले की जांच कर रहे हैं। अस्पताल में कीटनाशक छिड़काव करने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा चूहों को पकड़ने के लिए अस्पताल में पिंजरे लगाए गए हैं। साथ ही मरीजों की देखभाल और साफ-सफाई रखने के आदेश दिए गए हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975** कार्यकारी संपादक - सी हरीश
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# खार पश्चिम के तीसरे रास्ते पर गड़बड़झाला

## चार होटल– एक लाइसेंस
## मनपा का अनोखा भ्रष्टाचार



होटल दुलाली



होटल ट्यूनिंग फोर्क



होटल थ्री वाइज मंकी



होटल क्वार्टर पीलर

EXCLUSIVE
MUMBAI HALCHAL
EXCLUSIVE


**शरद उघाड़े**
**मनपा सहायक आयुक्त (एच/डब्ल्यू)**

पढ़ते रहिए इन होटलों की पूरी जानकारी प्रतिदिन एक-एक करके

**मुंबई।** महानगर के खार पश्चिम में एक ही लाइसेंस पर चार-चार होटल चलाये जाने का हैरतअंगेज मामले का खुलासा होने से मनपा और पुलिस विभाग में काफी खलबली मच गई है। यह खुलासा खुद **दैनिक मुंबई हलचल** ने काफी खोजबीन के बाद किया है। इस खुलासे में पता चला है कि खार पश्चिम स्थित प्लाट नंबर ९ए, राज कुटीर बिल्डिंग, तीसरा रास्ता में दुलाली, थ्री वाइज मंकी, क्वार्टर पीलर और ट्यूनिंग फोर्क नाम के चार होटल एक साथ चल रहे हैं मगर इन सब के लाइसेंस एक ही नाम- सम्राट होटल रेस्टोरेंट के नाम पर है। हैरत की बात यह है कि इन चारों होटल के मालिक और मैनेजर को किसी अवैध गतिविधियों के कारण मनपा एच/डब्ल्यू और खार पश्चिम पुलिस थाने के अधिकारियों द्वारा तलब किया जाता है और उनसे होटल संबंधित कागजात दिखाये जाने को कहा जाता है तो वे सभी एक ही नाम सम्राट होटल रेस्टोरेंट का लाइसेंस दिखाकर उन्हें गुमराह करते हैं। जबकि सम्राट होटल बहुत पहले ही बंद हो चुका है। इतना ही नहीं, दुलाली, थ्री वाइज मंकी, क्वार्टर पीलर और ट्यूनिंग फोर्क इन चारों होटलों ने अपने सामने की खाली पड़ी जमीन और फुटपाथ को भी अपने कब्जे में लेकर उसपर अवैध निर्माण कर लिया है जहां पर उनका शराब का धंधा बिना किसी खौफ के चल रहा है। जबकि दुलाली होटल के उपर बने बेन्क्वेट हॉल को भी इसके मालिक ने शराबखाना में तब्दील कर दिया है। इसके अलावा ट्यूनिंग फोर्क के पहले माले पर अवैध कब्जा करके वहां भी धंधा किया जा रहा है। बंद हो चुके सम्राट होटल का लाइसेंस परमजीत सिंह घई और श्रीमती रतनदीप कौर घई के नाम से है, जिन्होंने अपने एक ही पुराने लाइसेंस पर चार-चार होटल खोल रखे हैं और मनपा, पुलिस और लोगों की आखों में धूल झोंक रहे हैं। मुंबई हलचल ने जब इन होटलों की गहराई में जाकर छानबीन की तो यह बात भी सामने आई की ये चारो होटल मनपा सहायक आयुक्त शरद उघाड़े की शह पर चल रहा है। उनकी विशेष कृपा इन होटलों पर है। जबकि एच/पश्चिम के पानी खाता और वैद्यकीय आरोग्य विभाग को भी इस संबंध में कई बार शिकायतें की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पढ़ते रहिए इन होटलों की पूरी जानकारी प्रतिदिन एक-एक करके।

## एयरफोर्स स्टेशन और स्कूल पर गिरी बिजली
### पांच घायल



**ठाणे/नासिक।** ठाणे के लोकमान्य नगर के पास एयरफोर्स स्टेशन के नजदीक मंगलवार दोपहर बिजली गिरने से तीन लोग गंभीर रुप से झुलसे हैं वहीं नासिक के त्र्यंबकेश्वर तहसील के तहत चिंचवडगांव के एक स्कूल पर मंगलवार शाम बिजली गिरी। इस हादसे में दो स्टूडेंट्स गंभीर रुप से घायल हुए हैं, उन्हें हरसूल के हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है।

**आवश्यक सूचना**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि **'दैनिक मुंबई हलचल'** के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति आपसे किसी भी तरह का 'व्यवहार' करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपर्क कर लें। **(9619102478)**

## मनपा और पुलिस से मिलकर अंबरनाथ में हो रहा है अवैध निर्माण



**अंबरनाथ।** अंबरनाथ (पश्चिम) स्थित जावसाई महेंद्र नगर में पिछले कुछ दिनों से आदिवासी एवं वन विभाग की जमीनों पर भू-माफिया बिल्डर द्वारा कब्जा जमाकर वहां अवैध रूप से रूम बनाकर जरूरत मंद लोगों के हाथों भारी कीमत लेकर उसे बचने का धंधा कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार उक्त क्षेत्र में सरकारी जमीन के घोटाले का सरगना इकलाख शेख उर्फ मुन्ना है। जिसके पास किसी प्रकार का कोई लाइसेंस और परमीशन नही है। वह स्थानीय पुलिस और मनपा के भ्रष्ट अधिकारियों से मिलकर खाली पड़ी सरकारी एवं आदिवासी की जमीन पर कब्जा जमाता जा रहा है।

**आवश्यक है**

**'दैनिक मुंबई हलचल'** अखबार के लिए दक्षिण मध्य मुंबई, बांद्रा, कुर्ला, गोवंडी, अंधेरी, मालाड, दहिसर, ठाणे, मीरा रोड इत्यादि अनेक क्षेत्रों से अंशकालीन संवाददाताओं की आवश्यकता है तुरंत संपर्क करें कॉल करें समय (3 से 6 बजे) **(9619102478)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### पटाखों पर सुप्रीम आदेश

**भारत** के प्रमुख पर्व दीपावली पर दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में पटाखों की पाबंदी के लिए उच्चतम न्यायालय का आदेश सचमुच स्वागतयोग्य कदम है क्योंकि दीपावली के दो रोज पहले से लेकर दीपावली के दो दिन बाद तक पटाखों के कानफोड़ू कर्कश आवाज और वातावरण में उसके विषाक्त धुएं के घालमेल से पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। बावजूद इसके हम दीपावली मनाते हैं और पटाखे फोड़ते हैं। यहां यह ध्यान देने वाली बात है कि दीपावली पर्व के लिए हिंदू मान्यता के अनुसार इसदिन धन, वैभव और ऐश्वर्य की देवी लक्ष्मी धरती पर आती हैं और जहां उन्हें शांति व स्वच्छता दिखाई देती है वे वहीं या ऐसे ही घरों में वास करती हैं। ऐसे में क्या पटाखों के कर्कश शोर और इसके धुएं से प्रदूषित होती पृथ्वी पर वे अपना निवास बना पाएंगी। यह तो हुआ दीपावली का धार्मिक पहलू। दूसरा यह कि दिल्ली और उसके आस पास के क्षेत्रों में पटाखों की बिक्री पर सुप्रीम कोर्ट की पाबंदी प्रदूषण के खिलाफ है जिसके लिए लड़ाई लड़ने में लोगों को आगे आना चाहिए, लेकिन ऐसा तब होगा जब आमलोग समझने के लिए तैयार होंगे कि उत्सव के नाम पर सेहत को नुकसान पहुंचाने वाले तौर-तरीकों को छोड़ने में ही भलाई है। यह ठीक नहीं कि देश के सबसे बड़े उत्सव दीपावली के अगले ही दिन ऐसी स्थिति बने कि लोगों की सेहत पर बन आए। इसकी भी अनदेखी नही की जा सकती कि दीपावली को पटाखे फोड़ने का पर्व बना दिया गया है। हर किसी को यह महसूस करना चाहिए कि कष्टकारी साबित होने वाले इस चलन को रोकना आज सबसे ज्यादा जरूरी है। इससे दीपोत्सव की ही महत्ता बढेगी। अच्छा होगा कि सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों के वरिष्ठ जन आम जनता को इसके लिए प्रेरित-प्रोत्साहित करें कि सुख-समृद्धि और धन के पर्व पर ध्वनि और वायु प्रदूषण बढाने का काम न किया जाए। दिल्ली और आस पास के क्षेत्र में पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध के फैसले को लेकर विरोध के भी स्वर उठे हैं। सुप्रीम कोर्ट के पास ऐसे लोगों के इस सवाल का क्या जवाब होगा कि इसके नुकसान की जिम्मेदारी कौन लेगा। देश में वैसे ही बेरोजगारी का आलम है। ऊपर से नोटबंदी और जीएसटी की मार से लोग त्रस्त हैं। इस पाबंदी से पटाखा उद्योग जगत और इससे जुड़े लाखों व्यापारी-दुकानदार की आर्थिक हानि का जिम्मेदार भी कौन होगा। यह विचारणीय है।

**-दिलशाद एस. खान**

# संस्थाओं को मजबूत बनाने का समय

**अर्थशास्त्रियों** में सहमति बन रही है कि आर्थिक विकास की असल कुंजी देश की संस्थाओं में निहित है। सस्ते श्रम से आर्थिक विकास हासिल होना जरूरी नहीं है। जापान में श्रम महंगा है। फिर भी आर्थिक विकास में वह देश आगे है। आवश्यक नहीं कि प्राकृतिक संसाधनों जैसे कोयले अथवा तेल से भी विकास हासिल हो ही जाए। सिंगापुर में प्राकृतिक संसाधन शून्यप्राय हैं, फिर भी उस देश की प्रति व्यक्ति आय अमेरिका से भी अधिक है। तकनीकों से भी आर्थिक विकास जरूरी नहीं है। चीन के पास तकनीक न्यून थी, परंतु उनका आयात करके वह कहीं आगे निकल गया है। भारतीय मूल के वैज्ञानिक विदेशों मे जाकर नामी संस्थाओं के प्रमुख बन जाते हैं और नोबेल पुरस्कार भी हासिल कर लेते हैं, क्योंकि वहां संस्थाओं में जवाबदेही और स्वतंत्रता, दोनों है। शासकीय संस्थाओं में सबसे अधिक महत्वपूर्ण नेताओं की विश्वसनीयता है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम यानी विश्व आर्थिक मंच के अनुसार उत्तरी यूरोप के नार्डिक देशों के आर्थिक विकास का प्रमुख कारण वहां के नेताओं और अधिकारियों की ईमानदारी है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में शीर्ष स्तर पर विकास की यह प्रमुख शर्त पूरी हो रही है। विश्व आर्थिक मंच ने यह भी कहा है कि नेता और जनता के परस्पर सहयोग से आर्थिक विकास हासिल होता है जैसे परिवार में बड़े और छोटे के बीच सामंजस्य हो तो परिवार आगे बढ़ता है।

देश की जनता को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास है। हालांकि अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कारण तमाम लोगों की जीविका प्रभावित हो रही है, परंतु उन्हें विश्वास है कि आने वाले वक्त में सब अच्छा हो जाएगा। जनता का नेता में यह विश्वास सुखद है। इस क्रम में सरकार को जनता पर भी विश्वास करना चाहिए। किसी छोटे उद्यमी ने कहा कि हम टैक्स भी देते हैं और बेईमान भी कहलाते हैं जबकि भ्रष्ट सरकारी कर्मियों को ईमानदार माना जाता है। इंदिरा गांधी ने बैंकों एवं कोयला कंपनियों का राष्ट्रीयकरण करके और शीर्ष उद्यमियों को जेल भेजकर एक नकारात्मक माहौल बनाया था जिससे अर्थव्यवस्था दबाव में आई थी। नकारात्मक माहौल में उद्यमी की ऊर्जा का प्रस्फुटन नहीं हो सकता। नोटबंदी का आधार था कि जनता नंबर दो की कमाई को तिजोरी मे रखे हुए है। जीएसटी में खरीद एवं बिक्री का विस्तृत ब्योरा रिटर्न में मांगने का उद्देश्य है कि चोर को पकड़ा जा सके। जीएसटी की नजर में हर व्यापारी संदिग्ध है। हर शहर में रात में चोर घूमते हैं, लेकिन यदि पुलिस रात में अस्पताल जाने वाले के साथ चोर जैसा व्यवहार करे तो जनता दुबक जाएगी। सरकार को चाहिए कि हर नागरिक को ईमानदार समझे। जिन चुनिंदा लोगों पर शक हो, केवल उन लोगों से खरीद बिक्री का ब्योरा मांगा जाए। जिस प्रकार देश की जनता को नरेंद्र मोदी पर विश्वास है उसी प्रकार यदि प्रधानमंत्री जनता और संस्थाओं पर विश्वास करेंगे तो देश तेजी के साथ आगे बढ़ेगा।

दूसरी प्रमुख संस्था न्याय तंत्र है। अपने देश में न्याय तंत्र बीमार हो चला है। निचली स्तर की अदालतों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। यद्यपि युवा जजों के आने से नई लहर आई है, लेकिन पेशकार और वकीलों की मिलीभगत से वादी परेशान रहता है। मैंने किसी किरायेदार के विरुद्ध मामला दाखिल किया था। दो वर्षों तक किरायेदार कोर्ट



में हाजिर नहीं हुआ। जब निर्णय का समय आया तो किरायेदार हाजिर हो गया, फिर से पूरी प्रक्रिया चालू हुई। इस प्रकार के तमाम पैंतरों पर विराम लगाने की जरूरत है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की भी हालत अच्छी नहीं है। वाद का निर्णय आने में 10 से 20 वर्ष लगना आम बात है। इस दिशा में सुधार के लिए सरकार को पहल करनी चाहिए।

नॉर्वे के नॉर्वेजियन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के अनुसार टिकाऊ आर्थिक विकास के लिए न्याय तंत्र की स्वतंत्रता जरूरी है। सरकार के निर्णयों पर न्यायालय द्वारा की गई समीक्षा से सही निर्णय पर पहुंचा जा सकता जैसे सुप्रीम कोर्ट ने 2जी स्पेक्ट्रम के निर्णय में किया था। सरकार को चाहिए कि न्यायालय की समीक्षा को सकारात्मक दृष्टि से देखे। न्यायालय की स्वतंत्रता का सरकार सम्मान करेगी तो सही निर्णयों पर पहुंचेगी। इस पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। सरकार ने जजों की नियुक्ति के लिए कमेटी बनाने का कानून बनाया था। इसमें अधिक सदस्यों की नियुक्ति सरकार द्वारा की जानी थी। इन सदस्यों के माध्यम से सरकार मनचाहे व्यक्तियों को जज नियुक्त कर सकती थी। मैं न्यायतंत्र पर बाहरी नियंत्रण का पक्षधर हूं, क्योंकि न्यायाधीशों द्वारा अपने परजिनों-परिचितों को जज बनाया जाता है, परंतु यह बाहरी नियंत्रण सरकार का नहीं होना चाहिए। कमेटी में कानूनी तौर पर चुने गए पेशेवर लोगों जैसे बार काउंसिल ऑफ इंडिया एवं इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के अध्यक्ष को नियुक्त किया जा सकता है। इसी क्रम में सरकार ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को अपंग बनाने की व्यवस्था कर दी है। वर्तमान में ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होते हैं। सरकार ने कानून में संशोधन करके अफसरों को ट्रिब्यूनल का प्रमुख बनाने का रास्ता खोल दिया है। मनचाहे अफसर को नियुक्त करके सरकार ट्रिब्यूनल द्वारा सरकार के निर्णयों की समीक्षा पर रोक लगाना चाहती है जो दीर्घकाल में सरकार के लिए ही हानिप्रद होगा जैसा नॉर्वे के संस्थान ने कहा भी है।

ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन द्वारा किए गए एक अध्ययन में कहा गया है कि सफल अर्थव्यवस्था के लिए स्वतंत्र केंद्रीय बैंक जरूरी है जो कि अल्पकालीन राजनीति से ऊपर उठकर निर्णय ले सके। जैसे चुनाव के पहले सरकार का प्रयास रहता है कि मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावन योजनाओं पर भारी खर्च करे जैसे 2009 में कांग्रेस ने किसानों के ऋण माफ किए थे। इन खर्चों को पोषित करने के लिए सरकार को बाजार से ऋण लेना होता है। यहां केंद्रीय बैंक यानी हमारे भारतीय रिजर्व बैंक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। यदि रिजर्व बैंक अधिक मात्रा में नोट छापकर मुद्रा की तरलता बनाए रखे तो सरकार के लिए ऋण लेकर अनुपयुक्त खर्च करना आसान हो जाता है जो कि बाद में अर्थव्यवस्था को ले डूबता है, परंतु यदि रिजर्व बैंक स्वतंत्र है तो नोट नही छपेगा। सरकार ऋण नहीं ले सकेगी। गलत दिशा में नहीं जाएगी। वर्तमान सरकार ने व्यवस्था बनाई है कि अब मौद्रिक नीति समिति यानी एमपीसी द्वारा मुद्रा नीति निर्धारित की जाएगी। इसमें तीन सदस्य रिजर्व बैंक के अधिकारी होंगे और तीन सदस्य सरकार द्वारा नामित होंगे। अल्पकाल में यह सरकार के लिए आरामदेह हो सकता है, परंतु बकौल ब्रुकिंग्स इस्टीट्यूशन, यह व्यवस्था देश के दीर्घकालीन विकास के लिए ठीक नहीं है। मोदी पर देश को भरोसा है। इस भरोसे को फलीभूत करने के लिए सरकार को हर नागरिक और प्रत्येक स्वायत्त संस्था को मित्र की दृष्टि से देखना होगा अन्यथा इंदिरा गांधी की तरह यह सरकार भी देश को दीर्घकालीन विकास की पटरी पर नही ला सकेगी।

# यह कैसा दुस्साहस


**गुरमीत** के जेल जाने के बाद उसकी विश्वासपात्र हनीप्रीत की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। उनके कुछ समर्थक अभी भी बाज नहीं आ रहे हैं। अब उन्होंने हरियाणा पुलिस के मुखिया को धमकी देने का दुस्साहस दिखाया है। साथ ही डेरा प्रमुख को 72 घंटे में उड़ा ले जाने की चेतावनी दी गई है। पुलिस के मुखिया को इस तरह से धमकी देकर निकल जाना किसी भी संगठन के लिए आसान नहीं हो सकता। अब डेरा ने डीजीपी के साथ पुलिस फोर्स पर निशाना साधने का प्रयास किया है। इस धमकी के लिए ब्रिटेन के फोन नंबर का इस्तेमाल किया गया। ऐसे में डेरे का विदेशी कनेक्शन फिर से सामने आया है। एक ओर डेरा अदालत में अपनी लड़ाई लड़ने की बात कर रहा है और दूसरी ओर राज्य पुलिस के मुखिया को धमकी चिंता बढ़ाने वाली है। जेल के आसपास पहले से ही सुरक्षा कड़ी है। जगह-जगह जेल में कैमरे लगे हैं और वरिष्ठ अधिकारी उन पर नजर रख रहे हैं। इतनी सुरक्षा के बावजूद पुलिस को फिर से तमाम प्रबंधों को खंगालना पड़ रहा है। भले ही यह गंभीर मसला हो पर पुलिस को इस मामले में अधिक ऊर्जा लगानी नहीं चाहिए। यह कहीं न कहीं डेरे की जांच को प्रभावित करने की चाल भी हो सकती है। इतनी कड़ी सुरक्षा के बाद कोई भी जेल में झांकने का दुस्साहस करेगा ही नहीं, डेरा प्रमुख को छुड़ाना अलग बात। इसीलिए डेरा समर्थक पुलिस के साथ यह मनोवैज्ञानिक खेल खेल रहे हैं। सीधा पुलिस प्रमुख पर निशाना साध यह फोर्स का मनोबल कमजोर करने की साजिश है। अभी भी डेरा प्रमुख पर ईडी समेत अवैध हथियार मामले में जांच चल रही है। डेरा का प्रयास यह होगा कि इस प्रकरण में जांच की गति मंद पड़ जाए या फिर जांच से भटक जाए ताकि डेरा को बचाव के लिए कुछ समय मिल जाए।



# कमर के दर्द से परेशान हुए मुंबई मेयर

## बीएमसी ने खरीद दी 20 लाख की कार

**मुंबई।** बीएमसी ने मुंबई के मेयर के लिए नई कार खरीदी है, इस नई कार की कीमत नियमों के मुताबिक आधिकारिक कार से लगभग पांच लाख ज्यादा है। आधिकारिक तौर पर सिटी के मेयर की गाड़ी के लिए 15 लाख रुपये तय हैं, लेकिन नई कार की कीमत 19.91 लाख रुपये है। ये नई कार इनोवा क्रिस्टा का टॉप मॉडल 2.4D-ZX 7S MT है। आंकड़ों के मुताबिक 4 अक्तूबर को इस कार को आरटीओ में रजिस्टर्ड किया गया है। फिलहाल ये कार जरूरी बदलावों के लिए बीएमसी के आर्थर रोड गैरेज में रखी गई है।



उम्मीद है कि कार की कीमत इससे और बढ़ेगी। मेयर और शिवसेना के नेता विश्वनाथ महाधीश्वर का का कहना है कि अब तक वो जिस गाड़ी का इस्तेमाल कर रहे हैं वो महिंद्रा XUV500 है। उनके मुताबिक इस कार का शेव ठीक नहीं है, जिसकी वजह से मेरी कमर और स्पाइनल कॉड में दिक्कत हो रही है। सूत्रों के मुताबिक बीएमसी ने नई कार के लिए दोगुनी कीमत दी है। अभी जो मेयर के लिए आधिकारिक गाड़ी इस्तेमाल में लाई जा रही है वो पूर्व मेयर स्नेहर अम्बेकर के वक्त में 2014 में खरीदी गई थी। उस वक्त उस कार की कीमत 10.40 लाख थी। वहीं विपक्ष के नेता रवि राजा का कहना है कि शहर के पहले नागरिक होने के नाते मेयर के लिए बेहतर गाड़ी होनी चाहिए, लेकिन वो नियमों के मुताबिक हो। उन्होंने कारों में लगातार बदलाव को लेकर भी विरोध जताया है।

## 'मुंबई हमलों से सबक लेकर लास वेगास में रोका नरसंहार'

**मुंबई।** लास वेगास पुलिस के शेरिफ जोसेफ लॉम्बार्डो का कहना है कि मुंबई हमले से मिले सबक की वजह से लास वेगास में नरसंहार रोका जा सका। जिस तरह से कंसर्ट में जा रहे 22 हजार लोगों का भीड़ पर उसने अत्याधुनिक हथियारों से फायरिंग की, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करके स्थिति पर नियंत्रण पा लिया। इस हमले में एक अक्टूबर को 58 लोग मारे गए, जबकि पांच सौ लोग जख्मी हुए। लॉम्बार्डो ने चैनल को ये जानकारी दी। उनका कहना है कि लास वेगास पुलिस को जब घटना का पता चला तो त्वरित कार्रवाई की गई। दो के-9 अफसरों के साथ एक जासूस था, जबकि एक स्वाट टीम का सदस्य था। ये सभी तत्काल मंडाले बे होटल में पहुंचे और कुछ मिनटों में ही 32वें फ्लोर पर दिखाई दिए। स्टीफन पेडॉक ने इनके आने से पहले ही खुद को गोली से उड़ा लिया। शेरिफ का कहना है कि पुलिस को देखने के बाद ही उसे आत्मघाती कदम उठाया।

पुलिस तत्काल हरकत में नहीं आती तो हजारों लोगों की जान जा सकती थी। उनका कहना है कि मुंबई हमलों में भी त्वरित कार्रवाई कर हजारों लोगों की जान बचाई गई थी। पाक परस्त आतंकियों ने 26 नवंबर को भीषण नरसंहार किया था। अलग-अलग जगहों पर हुए हमलों 164 लोगों की मौत हुई थी। इनमें कुछ अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे। उनका कहना है कि उस घटना के बाद वह भारत आए और तब देखा कि कार्रवाई कितनी तेजी और सटीक तरीके से की गई थी। लास वेगास पुलिस ने भी इससे सबक लेते हुए हमलावर तक पहुंच बनाई। ऐसा न होता तो मरने वालों की तादाद काफी ज्यादा हो सकती है। पुलिस की तफ्तीश भी कह रही है कि स्टीफन पेडॉक ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपने निशाने पर लेना चाहता था।

# सुसाइड प्वाइंट बना बांद्रा-वर्ली सी-लिंक, एक शख्स ने कूदकर दी जान

**मुंबई।** सपनों के शहर मुंबई में सोमवार की शाम बांद्रा-वर्ली सी-लिंक से कूद कर एक शख्स ने अपनी जान दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पानी से बाहर निकाला। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, एक शख्स सोमवार की शाम करीब 7 बजे हाजी अली से टैक्सी में लीलावती अस्पताल जाने की बात कहकर बैठा। लीलावती पहुंच कर उसने कहा कि उसे वापस हाजी अली की तरफ जाना है। टैक्सी जैसे ही बांद्रा-वर्ली सी-लिंक के बीच में पहुंची, वो पेशाब करने का बहाना बनाकर टैक्सी को रुकवाने की कोशिश करने लगा। आखिरकार ड्राइवर ने टैक्सी रोक दिया। मृतक शख्स गाड़ी से उतरकर इधर-उधर देखा उसके बाद इसने समंदर में छलांग लगा दिया। टैक्सी ड्राइवर यह सोच कर गाड़ी में बैठा रहा कि



वो पेशाब करके वापस आ जायेगा। दूसरी तरफ सीसीटीवी कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारियों को सी लिंक पर टैक्सी रुकी हुई दिखाई दी, तो फौरन वहां आ गए। वहां पहुंचते ही उन्हें माजरा समझ में आ गया। तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को कॉल किया गया। कुछ ही देर में उस शख्स को बाहर निकाल कर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मरने वाले शख्स की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। टैक्सी ड्राइवर से भी पूछताछ की जा रही है। बताते चलें कि मुंबई का बांद्रा-वर्ली सी-लिंक सुसाइड प्वाइंट बनता जा रहा है। यहां से अक्सर लोगों के आत्महत्या करने की खबरें आती रहती हैं। इससे पहले भी एक शख्स ने वर्ली सी लिंक से कूदकर जान दे दी। 45 साल का विक्रम वासुदेव चार साल पहले अपने बेटे की मौत की वजह से डिप्रेशन में था। पिछले एक साल में यहां सुसाइड की एक दर्जन से ज्यादा घटनाएं हो चुकी हैं। सी-लिंक से खुदकुशी के कई मामले सामने आए हैं। इस बारे में बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका भी दायर हुई थी। इसके बाद कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा था। इसके बाद यहां सीसीटीवी कैमरे लगाकर सुरक्षा बढ़ाई गई।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### पद्मावती का दाऊद कनेक्शन

राजपूत समाज के इस अग्रणी संगठन ने समाज के साथ सभी हिंदूवादी संगठनों से फिल्म को रिलीज नहीं होने देने की अपील की है। संगठन के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए फिल्म रिलीज नहीं होने देने की चेतावनी दी है। संजय लीला भंसाली की आने वाली फिल्म 'पद्मावती' में राजस्थान के राजपूतों के गौरवशाली इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाते हुए राजपूत संगठनों ने इसका विरोध किया है। फिल्म रिलिज से पूर्व ही सगंठनों ने फिल्म के पोस्टर फाड़े और जला दिए हैं। सोशल मीडिया पर लाइव कनेक्ट होकर दिए संदेश में गोगामेड़ी ने फिल्म के निर्देशक संजय लीला भंसाली के खिलाफ बिना नाम लिए जमकर आग उगली है। करीब सवा तीन मिनिट के इस चेतावनी भरे संदेश में करणी सेना अध्यक्ष दर्जनों बार फिल्म निमार्ता को अपशब्द बोलते दिखाई दे रहे हैं। गोगामेड़ी ने पद्मावती फिल्म निर्देशक के लिए यहां तक कह डाला कि वो आईएसआईएस और दाऊद के इशारे पर काम कर रहे हैं। गोगामेड़ी ने पीएम मोदी को हस्तक्षेप करने और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को सद्बुद्धि आने की बात भी कही है। फिल्म पद्मावती को लेकर सिने दर्शकों के बीच काफी समय से बेसब्री के साथ इंतजार किया जा रहा है। रविवार को फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया है। रिलीज के साथ ही ट्रेलर जबरदस्त हिट हो गया और लाखों दर्शकों ने एक ही दिन में इसे सोशल मीडिया के जरिये देखा है। फिल्म में रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, शाहिद कपूर और अदिति राव हैदरी ने काम किया है। इस फिल्म में रणवीर अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभा रहे हैं तो वहीं दीपिका रानी पद्मावती के किरदार में नजर आएंगी। शाहिद कपूर राजा रावल रतन सिंह की भूमिका निभा रहे हैं और अदिति कमला देवी के रोल में नजर आएंगी।

### दिल्ली के बाद अब महाराष्ट्र में भी हो सकता है...

खबरों के अनुसार राज्य के पर्यावरण मंत्री रामदास कदम इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने पत्रकारों को बताया कि वह पटाखों पर प्रतिबंध के संबंध में मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस से बात करेंगे और दिल्ली के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी पटाखों पर बैन लगाने के लिए अनुरोध करेंगे। हालांकि, दिवाली में ज्यादा दिन नहीं हैं और ऐसे में सरकार के लिए पटाखों पर प्रतिबंध लगाना इतना आसान नहीं होगा।

गौरतलब है कि दिवाली के मौके पर पटाखों के कारण होने वाले प्रदूषण को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की बिक्री पर रोक लगाने का फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि दिवाली के बाद इस बात की भी जांच की जाएगी कि पटाखों पर बैन के बाद हवा की स्थिति में कुछ सुधार हुआ है या नहीं। हालांकि कोर्ट के आदेश के अनुसार, एक नवंबर के बाद पटाखों की बिक्री फिर से शुरू की जा सकती है। फिलहाल दिवाली के दौरान 31 अक्टूबर तक पटाखों की बिक्री पर रोक लगाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर पटाखा विक्रेताओं में भारी नाराजगी है। दुकानदारों का कहना है कि हमने तो बिक्री के लिए पटाखे होल सेल में खरीद लिए हैं, अब हमारे नुकसान की भरपाई कैसे होगी ? लाखों पटाखा विक्रेताओं के रोजी-रोटी पर संकट पैदा हो गया है।

### पटाखा बैन पर भड़के...

ऐसे में त्रिपुरा के राज्यपाल तथागत रॉय का एक ट्वीट विवाद के घेरे में आ गया है। मंगलवार को अपने ट्वीट में रॉय ने लिखा- कभी दही हांडी, आज पटाखा, कल को हो सकता है कि प्रदूषण का हवाला देकर अवॉर्ड वापसी गैंग हिंदुओं की चिता जलाने पर भी याचिका डाल दे। कभी दही हांडी, आज पटाखा, कल को हो सकता है प्रदूषण का हवाला देकर मोमबत्ती और अवार्ड वापसी गैंग हिंदुओं की चिता जलाने पर भी याचिका डाल दे ! बातचीत में राज्यपाल ने साफ किया कि वो एक हिन्दू होने की वजह से सुप्रीम कोर्ट के आदेश से नाखुश हैं, क्योंकि ये समुदाय को उसके उत्सव से जुड़े एक अहम पहलू से वंचित करता है। मालूम हो कि बीजेपी नेता से राज्यपाल बने तथागत रॉय को सोशल मीडिया पर कुछ मुद्दों पर उनके हार्ड-लाइन रुख के लिए जाना जाता है।

# अब दिखेंगी माहिरा शर्मा 'किल' में पंजाबी गाने पर थिरकती हुई








# मुजफ्फरनगर-दी बर्निंग लव १७ नवंबर को प्रदर्शित होगी






लगभग डेढ़ वर्ष के अथक परिश्रम के पश्चात साल 2013 के दंगों पर आधारित फिल्म मुजफ्फरनगर द बर्निंग लव सेंसर होकर 17 नवंबर 2017 में प्रदर्शन के लिये तैयार है। पेशे से बिजनसमैन मनोज कुमार के जेहन में मुजफ्फरनगर में हुए दंगे के बाद लोगों के बीच फैले मनमुटाव को फिर से आपसी प्यार में बदलने के लिये फिल्म बनाने का फैसला किया। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म के निमार्ता ही लेखक भी हैं। उन्होंने किरदारों का चुनाव भी बड़े सटीक ढंग से किया है, फिल्म के किरदार कुछ इस प्रकार हैं जिनमें देव शर्मा, एश्वर्य दिवान, एकांष भारद्वाज, अनिल जार्ज, मुर्स्लीन कुरैशी जैसे कलाकार शामिल हैं। फिल्म के निर्देशक हरीश कुमार ने बताया कि यह फिल्म २०१३ को मुजफ्फरनगर में घटित एक दुर्घटना पर आधारित होते है, यह हिंसक घटनाओ के बीच में दो दिलों के प्यार की भावनात्मक कहानी है, जो २०१३ के दंगे पर आधारित होते हुए भी दर्शकों को एक महत्वपूर्ण संदेश देती है, फिल्म का निर्माण मोरना एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले हुआ है। जबकि फिल्म में संगीत मनोज नयन, राहुल भट्ट और फराज अहमद का है। आपको मुजफ्फरनगर दंगा 2013 पर फिल्म बनाने का ख्याल कैसे आया? मैं बिजनसमैन हूं, व्यापार के सिलसिले में अलग अलग प्रदेशों में जाता रहता हूं। मैने देखा कि लोगों में इस दंगे के बाद अलग-अलग भावनाएं देखने को मिल रही हैं। अगर कोई मुस्लिम है तो वह यह सोच रहा है कि वहां पर हमारे लोगों के साथ बुरा बर्ताव हुआ और यदि हिंदु है तो वह भी यही सोच रहा है। बस इसी को ध्यान में रखते हुए मैने सोचा कि क्यों न इस पर एक फिल्म बनाई जाए। लोगों में जो गलतफहमियां फैली हुई हैं उन्हें दूर किया जाये। क्योंकि आपसी मनमुटाव देश के लिये हानिकारक हो सकता है उसे कैसे दूर किया जाये। फिर मुझे लगा कि फिल्म के माध्यम से यह काम किया जा सकता है। इस फिल्म को बनाने का मुख्य उद्देश्य क्या रहा है आपका?

फिल्म बनाने का मेरा उद्देश लोगों को संदेश देना है। मैं इस फिल्म के माध्यम से न केवल उस प्रदेश के लोगों को बताना चाहता हूं बल्कि दूसरे प्रदेश के लोगों को भी बताना चाहता हूं, दिखाना चाहता हूं कि 2013 में जो दंगा हुआ जैसा लोगों के बीच में अफवाहें फैली कि वहां हिंदु-मुस्लिम एक दूसरे के दुश्मन हो चले हैं ऐसा कुछ नहीं है। बल्कि वहां लोग एक दूसरे के साथ मिलकर खुशी-खुशी जीवन यापन कर रहे हैं। हां यह अलग बात है कि दंगे के दौरान कुछ हादसे हुये, जिससे लोगों को विश्वास होने लगा कि वही सही है पर ऐसा नहीं है। मैं दंगे के वक्त वहीं पर था मैं लोगों में आपसी भाईचारा देखा। इस फिल्म के माध्यम से मैं उसी भाईचारे को दिखाना चाहता हूं, उसी आपसी प्यार को दिखाना चाहता हूं। जब मैने फिल्म बनाने के बारे में सोचा तो यह भी ख्याल आया कि दर्शकों को हम कैसे अपनी तरफ खीचेंगे। फिर मैने प्यार की बात की लेकिन संदेश को ध्यान में रखते हुए। सेंसर बोर्ड ने फिल्म के किसी भी सीन या संवाद को लेकर कोई आपत्ति नहीं जताई। हां टायटल को लेकर उन्होंने एक सुझाव दिया था कि हो सकता है कि इससे आपको कोई परेशानी हो सकती है। इसलिये हमने टायलट को उनके सुझाव पर बदल दिया और किसी प्रकार की कोई परेशानी हमें बोर्ड की तरफ से नहीं हुई। फिल्म निर्देशक हरीश कुमार का विजन बिलकुल साफ है। किस चीज को कैसे करना है यह उन्हें बहुत अच्छी तरह आता है।

# मुंबई में पी एच डी चैम्बर ग्लोबल फिल्म टूरिज्म कॉन्क्लेव हुआ






जब पी एच डी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को ये महसूस हुआ की फिल्म एक बहुत ही बड़ा माध्यम है टूरिज्म और डेस्टिनेशन को प्रमोट करने के लिए ,तो इन्होने मुंबई में ग्लोबल फिल्म टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया। हमारे मंत्री मुख़्तार अब्बास नकवी इस इवेंट के मुख्य अतिथि थे। इस इवेंट में टूरिज्म मिनिस्टर महाराष्ट्र जयकुमार जीतेन्द्र सिंह रावल ने मेहमानो और मीडिया को महाराष्ट्र टूरिज्म के बारे में बताया। फिल्म जगत से मुकेश भट्ट , बोनी कपूर , एन चंद्रा , कुणाल कपूर , सुधाकर शर्मा गीतकार , ब्राइट के योगेश लखानी , यशराज फिल्म के आशीष सिंह, संगीतकार विक्की प्रसाद , सिंगर युवी , जादूगर उगेश सरकार ,रजत रवैल ,कुलमीत मक्कर ,प्रेम भाटिया ,ट्रेवल लीजेंड पोर्टल के आदित्य - इमरान , जॉर्जिया के सतिंदर सिंह पाल आहूजा और कई जानेमाने मेहमान इस कॉन्क्लेव में आये और सभी ने अपने अपने मत रखे। ज्यादातर निमार्ताओं ने जल्दी और एक जगह से सारे परमिशन देने की बात पर जोर दिया। बोने कपूर ने कहा की पुरे भारत में एक ही जगह से सारे परमिशन मिलने चाहिए वहीं मुकेश भट्ट ने कहा की इंडिया में शूटिंग करना बहुत मेहनत का काम है। इस कॉन्क्लेव में रोमानिया ,चेज रिपब्लिक ,चाइना ,मौरीसस ,दिल्ली टूरिज्म ,हिमाचल प्रदेश टूरिज्म ,गुजरात टूरिज्म और पंजाब टूरिज्म ने हिस्सा लिया। इन्होने अपने राज्य और देश के बारे में बताया और शूटिंग के लिए प्रेजेंटेशन दिखाया। राडु डोबरे ,एम्बेसडर रोमानिया और जिग्मुंड बर्टोक ,एम्बेसडर स्लोवाक रिपब्लिक भी इवेंट में आये। मुकेश गुप्ता जो पी एच डी टूरिज्म कमिटी के चेयरमैन हैं ,इन्होने कहा की इस कॉन्क्लेव को आयोजन करने का उद्देश्य ये है की इससे फिल्म टूरिज्म को बढ़ावा मिले ,फिल्मकार को भारत और विदेश में शूटिंग के बारे में पता चले। भारत दुनिया में पहला देश है जिसके लोग विदेश घूमने सबसे ज्यादा जाते हैं। अनिल खेतान ,सीनियर वाईस प्रेसिडेंट पी एच डी ने बताया की फिल्म एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम देश के कल्चर ,हेरिटेज और इकनोमिक पोटेंशियल के बारे लोगों को आसानी से बता सकते हैं। राजन सहगल ,को-चेयरमैन टूरिज्म कमिटी पी एच डी ने कहा की फिल्म टूरिज्म बहुत तेजी से ग्रो कर रहा है जिसकी वजह से ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट घूमने जाने का प्लान बनाने लगे हैं।

# दीपावली से पहले इन संकेतों से जानें आपकी जेब में आने वाले हैं नोट



हिंदू धर्म शास्त्रों में कई ऐसे संकेत बताए गए हैं जिनके द्वारा आप अंदाजा लगा सकते हैं कि आपको मनोवांछित कार्य में सफलता मिलेगी या नहीं, धन लाभ होगा या नहीं आदि। इन संकेतों को शकुन-अपशकुन कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार आप जब भी किसी खास कार्य के लिए जा रहे होते हैं ठीक उसी समय कई प्रकार की घटनाएं घटती हैं। इन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। छोटी-छोटी शुभ-अशुभ घटनाएं ही शकुन या अपशकुन होती हैं। हालांकि काफी लोग इन बातों को कोरा अंधविश्वास ही मानते हैं। शकुन का मतलब है लक्षण या संदेश। जबकि अपशकुन का अर्थ है बुरा या अशुभ।

दीपावली आने को कुछ दिन शेष बचे हैं, कहते हैं इस दिन धन की देवी लक्ष्मी अपने मनपसंद घर में आती हैं। तो आईए जानें इन संकेतों से की आपकी जेब में आने वाले हैं नोट-

☞ लेन-देन के समय पैसा हाथ से छूट जाए तो आपकी आर्थिक स्थिती पर शुभ प्रभाव पड़ेगा।

☞ हथेलियों में बार-बार खुजली होने का अर्थ है आपको बेपनाह धन सुख मिलने वाला है।

☞ शरीर के दाहिने अंगों पर अथवा सीधे हाथ में बार-बार खुजली हो तो कहीं से आचानक से पैसा मिलता है।

☞ बाएं हाथ में खुजली होने से खर्च होता है।


☞ आंख पर खुजली होने पर पैसा मिलता है।

☞ स्वप्न में सीने पर खुजली हो तो पैतृक धन की प्राप्ति होती है।

☞ पांव में खुजली हो तो व्यक्ति यात्रा पर जाता है।

☞ पेट पर खुजली हो तो संबंध विच्छेद होने की संभावना बनती है।

# कहीं दामाद तो कहीं पुत्र हड़पने में लगे हैं किसानों की जमीनः योगी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेहरु-गांधी परिवार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि कहीं दामाद तो कहीं पुत्र किसानों की जमीन हड़पने में लगे हैं। योगी ने कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन के नाम पर सम्राट साइकिल फैक्ट्री की जमीन हड़पने की कोशिश की जा रही है, लेकिन वह किसानों से वायदा करते हैं कि उनकी जमीन हड़पने नहीं दी जाएगी। जमीन पर या तो फैक्ट्री लगेगी या किसानों को वापस होगी। दामाद तो दामाद ही है, पुत्र भी जमीन हड़पने की कोशिश में लग गया है।गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद राबर्ट बाड्रा पर जमीन के कारोबार को लेकर कई आरोप लग चुके हैं। योगी ने कहा कि नोटबंदी का समर्थन करने वाले व्यक्ति को नोबल पुरस्कार मिल गया। नोटबंदी के सही होने का इससे बड़ा सबूत और क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि 55 साल के शासनकाल में उसने क्या किया। आज का कार्यक्रम एक महीने पहले ही तय हो गया था। इससे घबड़ाए राहुल गांधी ने 4 अक्टूबर से 4 दिवसीय अपना कार्यक्रम अचानक रख दिया। कांग्रेस को गांव गरीब किसान से कोई लेना देना नहीं है।

# गुजरात में पैर रखते ही राहुल गांधी के लिए बुरी खबर !

गुजरात में चुनाव प्रचार के लिए निकले कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी को राज्य में पैर रखते ही बुरी खबर का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, गुजरात में सत्तारूढ भाजपा ने अलग-अलग जिलों में आठ स्थानीय निकाय सीटों पर हुए उपचुनाव में इनमें से छ्ह पर जीत दर्ज की है। भाजपा का इनमें से पहले केवल दो पर ही कब्जा था। जहां भाजपा इस छोटी जीत में बड़ी उम्मीद ढूंढ रही है वहीं कांग्रेस के लिए नई टेंशन पैदा हो गई है। नतीजों के मुताबिक कांग्रेस की सीटें घटकर आधी रह गई हैं। भाजपा ने सात जिलों की सात नगरपालिकाओं की इतनी ही सीटों पर हुए उपचुनाव में पांच पर जीत हासिल करने के साथ एक मात्र तालुका पंचायत सीट (गांधीनगर जिले की रांधेजा) पर भी कब्जा जमाया है। इनके नतीजे आज ही घोषित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री तथा वरिष्ठ भाजपा नेता मनसुख मांडविया ने कहा कि यह जीत



जनता के मूड को दशार्ती है। इससे साफ है कि भाजपा विधानसभा चुनाव में भी बडे अंतर से जीतेगी।

**➤ राहुल VS मोदी**

कांग्रेस और भाजपा दोनों ने गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जहां मोदी अमित शाह समेत गुजरात में दौरे कर लोगों को लुभाने में लगे हैं। राहुल गांधी भी उन्हें घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। हाल ही में राहुल गांधी नें अपने गुजरात दौरे के दौरान मोदी को जीएसटी पर घेरते हुए बड़े व्यपारियों को फायदा पहुंचाने की बात की थी। जिसके बाद राहुल ने अमित शाह के बेटे जय अमित शाह पर मोदी को तंज कसते हुए पुछा था कि जय अमति शाह की प्राप्टी कैसे बढ़ी।

**➤ मोदी की गुजरात को हजार करोड़ की सौगात**

द्वारका में मोदी ने 5,825 करोड़ रुपए की लागत वाली चार राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी। राष्ट्रीय राजमार्ग-51 पर बेट द्वारका और ओखा के बीच मोटे तारों पर खिंचे सिग्नेचर ब्रिज की भी आधारशिला रखी। इस पुल की परियोजना लागत 962 करोड़ रुपए है।

**➤ व्यापारियों को लुभाने के लिए जीएसटी में बदलाव**

गुजरात में नोटबंदी और जीएसटी से भाजपा के कोर वोटर व्यापारियों को नाराज हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने जीएसटी में बदलाव कर सिंपल टैक्स को और सिंपल कर दिया।









नारी सम्मान संस्था की तरफ से पिछले पांच सितंबर को गणपति विसर्जन के दौरान गणेश भक्तों के बीच खाने और पीने की सामग्री वितरित की गई। इस कार्य में नारी सम्मान संस्थान की दर्जनों सदस्य तन-मन-धन से लगी रहीं। यह संस्थान पिछले दस वर्षो से इस तरह का आयोजन करत आ रहा है। नारी सम्मान संस्थान की अध्यक्षा सुंदरी ठाकुर के अनुसार अंधेरी पश्चिम सहित अन्य स्थानों पर उनके एनजीओ के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पंडाल लगाकर गणेश भक्तों के हित में कई कार्य किए। खास कर छोटे छोटे बच्चों महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों का विशेष ध्यान रखा गया। श्रीमती ठाकुर ने यह भी बताया कि उनके कार्यकर्ता मोबाइल और वाकी टाकी के जरिए पुलिस, यातायात पुलिस के संपर्क में थे और उन्हें आवश्यक निर्देश एवं सूचनाएं दे रहे थे। इस एनजीओ गणेशोत्सव के दौरान गणपति पंडाल, सजावट और रंगोली के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। अनेक संगठनों, पुलिस विभाग और स्थानीय लोगों ने श्रीमती सुंदरी ठाकुर के इस कार्य के लिए उनकी सराहना की।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# हनीप्रीत को फिर 3 दिन की रिमांड

## पुलिस ने कहा-पूछताछ में मदद नहीं कर रही

**पंचकूला।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की सबसे करीबी हनीप्रीत इंसां को मंगलवार को 3 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने हनीप्रीत का 5 दिन का रिमांड खत्म होने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया था। पुलिस ने दलील दी कि वो पूछताछ में सहयोग नहीं कर रही है। उसे अभी कई ठिकानों पर ले जाना है। वह आदित्य और पवन इंसां के बारे में जानती है। ऐसे में, उसे रिमांड पर दिया जाए। इसके बाद, पुलिस ने रिमांड 3 दिन और बढ़ा दिया। बताया जा रहा है कि 25 अगस्त को पंचकूला हिंसा के लिए डेढ़ करोड़ रुपए भेजने के मामले में एसआईटी को पुख्ता जानकारी मिल चुकी है। इसके



पहले, चमकौर सिंह के जरिए पंचकूला में डेढ़ करोड़ रुपए देने की बात सामने आई थी। सूत्रों के मुताबिक, हनीप्रीत ने भी इसके संकेत पूछताछ में दिए हैं। बताया जा रहा है कि अदालत में पेशी से पहले हनीप्रीत का ब्लड प्रेशर (बीपी) बढ़ गया। सोमवार शाम को हनीप्रीत इंसां को बुखार भी आ गया था। पूछताछ के दौरान हनीप्रीत ने सिरदर्द की शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने तुरंत डॉक्टर को बुलाकर उसका चेकअप कराया। सोमवार करीब 8 बजे लेडी डॉक्टर और फार्मासिस्टों की टीम पंचकूला सेक्टर 23 के चंडीमंदिर थाने में पहुंची। करीब आधी घंटे तक हनीप्रीत का चेकअप हुआ। उसका बीपी बढ़ा हुआ था और बुखार था।

### विपश्यना को पूछताछ के लिए बुलाया था

पंचकूला पुलिस ने डेरा मैनेजमेंट की चेयरपर्सन विपश्यना इंसां को भी पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वो खराब सेहत का हवाला देकर नहीं पहुंची। बताया गया था कि पुलिस हनीप्रीत को कोर्ट में पेश करने से पहले विपश्यना और हनीप्रीत को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करना चाहती थी। लेकिन, विपश्यना हाजिर नहीं हुई। हनीप्रीत के पिता रामानंद तनेजा और मां आशा तनेजा फतेहाबाद के रहने वाले हैं। हनीप्रीत का असली नाम प्रियंका तनेजा है। हनीप्रीत के पिता राम रहीम के अनुयायी थे। वे अपनी सारी प्रॉपर्टी बेचने के बाद डेरा सच्चा सौदा में अपनी दुकान चलाने लगे। 14 फरवरी 1999 को हनीप्रीत और विश्वास गुप्ता की सत्संग में शादी हुई। इसके बाद बाबा ने हनीप्रीत को अपनी तीसरी बेटी घोषित कर दिया। हनीप्रीत इंसां राम रहीम के प्रोडक्शन में बनी फिल्मों में एक्टिंग और डायरेक्शन भी कर चुकी है। बताया जाता है कि हनीप्रीत साए की तरह बाबा के साथ रहती थी। हनीप्रीत के पूर्व पति का आरोप है कि हनीप्रीत और राम रहीम के बीच नाजायज रिश्ते थे। उसने दोनों को एक बार आपत्तिजनक हालत में देखा था। जब राम रहीम को रेप केस में दोषी करार दिया गया तो हरियाणा में जमकर हिंसा भड़की। हनीप्रीत पर इस हिंसा की साजिश में शामिल होने का आरोप है।

# बिहार में डाकघर होंगे स्मार्ट

## गांव-गांव तक लगेंगे एटीएम



**पटना।** विश्व डाक दिवस पर डाक विभाग की ओर से प्रदेश को बड़ा तोहफा मिला है। राज्य के अधिकांश गांवों के डाकघरों को एटीएम से जोड़ा जाएगा। इसके लिए पूरे राज्य में 9000 से अधिक माइक्रो एटीएम लगाए जाएंगे। यही नहीं सभी डाकघरों को सीबीएस से जोडने की कवायद भी शुरू कर दी गई है। इसके साथ पटना समेत प्रमुख शहरी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का अहसास कराने और ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधा देने के लिए डाक विभाग अब 100 से अधिक एटीएम लगाने जा रहा है। बताया गया कि अब तक शहरी क्षेत्रों के 3740 डाकघरों को सीबीएस (कोर बैंकिंग सॉल्यूशन) से कनेक्ट कर दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों के डाकघरों को भी सीबीएस से जोड़े जाने की कवायद तेज है। पोस्ट मास्टर जनरल पूर्वी क्षेत्र अनिल कुमार ने बताया कि 63000 शाखाओं को सीबीएस से कनेक्ट कर डाक विभाग ने रिकॉर्ड कायम किया है। सूबे के ग्रामीण क्षेत्रों में इस सिस्टम को शुरू कर दिया जाएगा, जिससे दूरदराज के गांवों में रहने वाले लोगों को भी शहर के बड़े बैंकों की तरह सुविधाएं मिलने लगेंगी। श्री कुमार ने कहा कि विभाग के एटीएम से महीने में जितनी बार भी राशि निकालेंगे, कोई शुल्क नहीं देना होगा। जबकि अन्य बैंकों में 3 व 5 ट्रांजैक्शन का बैरियर लगा हुआ है। दूसरे बैंकों के खाते पर आयकर देना होता है, परंतु डाकघर के पीपीएफ व सुकन्या समृद्धि योजना के खाते में परिपक्वता के बाद भी कोई टैक्स नहीं देना पड़ता है। यहां मिनिमम बैलेंस भी 50 रुपये ही रखा गया है।

# आदित्यनाथ सरकार अयोध्या में लगवाएगी भगवान राम 108 फुट ऊंची प्रतिमा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यानाथ सरकार अयोध्या में भगवान राम की विशाल मूर्ति लगाने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि यह भगवान राम की दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ति होगी। इसके लिए प्रदेश सरकार एनजीटी से भी इजाजत लेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार दीपावली के एक दिन पहले अयोध्या में रहेंगे। वहां पर त्रेतायुग की थीम पर दीपावाली मनाई जाएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ भगवान राम की शोभा का स्वागत करेंगे। अयोध्या में रामलला के मंदिर का मसला भले ही सुप्रीम कोर्ट में अटका हो लेकिन विवादित स्थल से थोड़ी ही दूर सरयू के किनारे उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भगवान राम की एक विशाल प्रतिमा स्थापित



करेंगे। यह मूर्ति 108 फुट लंबी है। भगवान राम की यह मूर्ति दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ति होगी। भगवान राम की यह प्रतिमा योगी सरकार की 'नव्य अयोध्या' योजना का एक हिस्सा होगी। यही नहीं इस बार दिवाली के मौके पर जिसे भगवान राम के अयोध्या वापसी का दिन भी माना जाता है, योगी आदित्यनाथ खुद उनके स्वागत के लिए मौजूद होंगे। योजना है कि इस बार अयोध्या को दिवाली में वैसे ही सजाया जाए जैसा कि दिवाली के दिन त्रेतायुग में भगवान राम के लंका पर विजय हासिल करने के बाद सजाई गई थी। भगवान राम की अयोध्या वापसी की थीम पर एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो छोटी दीपावाली पर दिन में करीब दो बजे अयोध्या में प्रवेश करेगी। सीएम योगी आदित्यनाथ और उनका मंत्रिमंडल भगवान राम का पूजना वंदन करेगा। उसके बाद राम का राज्यभिषेक भी होगा। इस मौके पर इंडोनेशिया और थाईलैंड के कलाकार राम के अयोध्या के कलाकार राम के अयोध्या वापसी के प्रसंग का सरयू नदी के किनारे मंचन भी करेंगे।

## सुशील मोदी का हमला

# लालू के पास वाड्रा से भी है अधिक संपत्ति

**पटना।** भाजपा नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने मंगलवार को एक बार फिर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि लालू ने संपत्ति बनाने की दौड़ में राबर्ट वाड्रा को भी पीछे छोड़ दिया है। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री अश्विनी चौबे के विवादित बयान पर उनका बचाव भी किया है। सुशील मोदी ने कहा कि लालू ने रेलमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री रहते हुए अवैध तरीके से सूबे के अलग-अलग जगहों पर जमीन लिखवाये। किसी से विधानपार्षद बनाने के नाम पर जमीन लिया तो किसी से नौकरी देने के नाम पर। वहीं स्वास्थ्य मंत्री अश्विनी चौबे द्वारा दिये गये विवादित बयान पर बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने गलत क्या है। बिहार के एम्स में ही इतनी सुविधा उपलब्ध करवा देंगे कि यहां के लोगों को दिल्ली जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

### बैंककर्मी को मारी गोली, फिर लूट लिया कैश

**सिवान।** बिहार के सीवान जिले में अपराधियों ने दिनदहाड़े प्राइवेट बैंक कर्मी को गोली मार कर 18 हजार रुपए लूट लिये। घटना चैनपुर ओपी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव के पास की है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर इलाके में दहशत का माहौल बना दिया। इस दौरान फायरिंग में एक व्यक्ति को गोली लगी। तीन गोलियां लगने से घायल शख्स का इलाज स्थानीय अस्पताल चैनपुर में किया गया जिसके बाद चिकित्सको ने गंभीर स्थिति देखते हुए उसे सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# समुद्र के बीच रहते हुए भी नहीं डूबती यह दरगाह

भारत के बहुत से मंदिर अपनी खासियत और खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है लेकिन आज हम आपको एक ऐसी दरगाह के बारे में बताने जा रहें है जो पानी के उपर बनी हुई है। समुद्र के बीचों बीच बनी यह लोगों के लिए आश्चर्य का कारण बन जाती है। इसके बारे में जानकर कोई भी खुद को इसे देखने से रोक नहीं पाता है। आइए जानते है इस हरगाह के बारे में।

मंबई, वर्ली तट के निकट स्थित एक छोटे से टापू पर बनी इस हाजी अली दरगाह में लड़कियों का जाना सख्त मना है। इस मुस्लिम के साथ-साथ इस दरगाह पर हिन्दु भी आकर अपनी दुआएं मांगते है।

जमीन से 500 गज दूरी समुद्र के अपर बने इस दरगाह के आस-पास कबी भी पानी का बहाव इतना नहीं होता कि यह दरगाह डुब जाएं। इस दरगाह पर टूरिस्टों को जाने के लिए 500 गज लंबे रास्ते से होकर जाना पड़ता है। पानी का बहाव ज्यादा होने पर यह रास्ता पूरी तरह पानी में डूब जाता है लेकिन दरगाह के आस-पास पानी नहीं पहुंचता।

85 फीट ऊंची मीनार और 4500 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैली हुई इस दरगाह की दीवारों को व्हाइट पत्थर से बनाया गया है। कहा जाता है कि जब हाजी अली अपनी मां से इजाजत लेकर व्यापार के लिए निकले थे तो वो इसी टापू पर रूके थे।

यहां पर लोगों की भलाई करने के बाद हाजी अली सबसे पहली हज यात्रा पर गए और इस दौरान उनकी मृत्यु हो गई। हाजी अली की आखिरी इच्छा के अनुसार उनके शव को दफनाने की बजाए अरब सागर में बहा दिया गया। जो तैरते-तैरते यहां तक पहुंच गया।

रात के समय इस दरगाह का नजारा देखने वाला होता है। रात के समय रंग-बिरंगी लाइट्स से सजी यह दरगाह बहुत ही खूबसूरत लगती है। टूरिस्ट अक्सर रात के समय यहां पर समुद्र के नजारों का मजा लेने के लिए आते है।



## पहाड़ पर लटका है यह मंदिर, जाने वालों की अटक जाती हैं सांसे

लोगों ने मंदिर तो बहुत देखें होंगे लेकिन कभी हवा में झूलता मंदिर नहीं देखा होगा। जी हां, यह मंदिर खड़े पहाड़ पर लटका है और यहां जाने वालों की सांसे फूल जाती हैं। चीन में बने इस मंदिर की कई खासियतें हैं जिनके बारे में लोगों को जरूर पता होना चाहिए। आइए जानिए इस मंदिर की खासियत



- चीन के शानसी प्रांत में बने इस मंदिर का निर्माण लगभग 1500 साल पहले हुआ।यह मंदिर बौद्ध, ताओ और कन्फ्यूशियस शैली का मिश्रण है।
- इस मंदिर को दूर से देखने पर ऐसा लगता है जैसे एक हवा का झोंका ही इस इमारत को गिरा देगा लेकिन यह आश्चर्य की बात है कि इतने सालों के बाद भी यह मंदिर वैसा का वैसा ही है।
- यह मंदिर एक विशेष प्रकार की मजबूत और लचीली लकड़ियों से बना है। इसी वजह से यह मंदिर इतनी आपदाओं के बावजूद आज मजबूत है।
- लकड़ियों पर टिका यह मंदिर चट्टानों से घिरा है। इस मंदिर में लगभग 40 भवन और मंडप हैं जिन्हें देखने के लिए पर्यटक दूर-दूर से आते हैं।

## 6 फीट 9 इंच हाइट वाली यह है दुनिया की सबसे लंबी महिला

बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन, ऐश्वर्या राय और दीपिका पादुकोण जैसी हाइट तो हर लड़की पाना चाहती है लेकिन जब हाइट ज्यादा ही लंबी हो जाए तो अजीब सी लगने लगती है। ज्यादातर लड़कियों की लंबाई 5-6 फिट तक होती है। परन्तु आज हम जिस लड़की के बारे में बताने जा रहे है वो दुनिया की सबसे लंबी हाइट वाली लड़कियों की गिनती में शामिल है।

विदेश में रहने वाली येकातेरिना लिसीना की लंबाई जानकर आप हैरान हो जाएगे। यह महिला अपनी लंबी टांगों और हाइट की वजह से सुर्खियों में है। येकातेरिना मॉडलिंग में अपना अलग रिकॉर्ड बनाना चाहती है और अपना नाम गिनीज बुक में दर्ज कराना चाहती हैं ।

29 साल की एथलीट येकातेरिना लिसीना की लंबाई 6 फीट 9 इंच है। उनके पैर 52.4 इंच लंबे है। यह महिला 2008 ओलंपिक में रूसी महिला टीम का प्रतिनिधित्व कर ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर चुकी है।



## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
सगे-संबंधियों से मेल बढ़ेगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। सुख-समृद्धि बढ़ेगी।

**वृष**
अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार की समस्या दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम न लें। निर्णय लाभप्रद रहेंगे।

**मिथुन**
जोखिम व जमानत के कार्य टालें। अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद से बचें। आवेश पर नियंत्रण रखें।

**कर्क**
लेनदारी वसूल होगी। उन्नति के नए मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। नवीन कार्य की योजना के अवसर प्राप्त होंगे।

**सिंह**
योजना फलीभूत होगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे। कार्यस्थल पर सुधार होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। कार्यक्षेत्र में विश्वास हासिल करेंगे।

**कन्या**
तंत्र-मंत्र में झुकाव बढ़ेगा। कानूनी अड़चन आ सकती है। धनार्जन होगा। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। संघर्ष के बावजूद धन के साधन बनते रहेंगे।

**तुला**
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। कुसंगति से बचें। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**वृश्चिक**
राजकीय सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। चिंता बनी रहेगी। आजीविका के क्षेत्र में उन्नति होगी।

**धनु**
बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। संपत्ति की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे।

**मकर**
स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। चोट व रोग से बाधा संभव है। भूमि विवाद की आशंका रहेगी।

**कुंभ**
बुरी सूचना व्यथित कर सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। दौड़धूप अधिक रहेगी। विवाद न करें। कार्य बिगड़ जाने से चिंता रहेगी।

**मीन**
धन प्राप्ति सुगम होगी। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। घर-बाहर सम्मान मिलेगा। घर में मांगलिक कार्यों की चर्चा होगी।

## लंदन घूमने जा रहे हैं तो इन 5 जगहों को देखना ना भूलें

विदेशों में घूमने का शौक हर कोई रखता है। जब घूमने का मौका मिल जाए तो अक्सर हम जरूरी और खूबसूरत जगहें देखना भूल जाते है। आज हम लंदन के बारे में बात कर रहे है लंदन इतिहास, साहित्य और आधुनिकता का संगम है जिसकी खूबसूरती भी हर किसी को अपना बना लेती है। अगर आप भी लंदन घूमने का प्लॉन बना रहे है तो इन जगहों को देखना न भूलें क्योंकि इनके बिना आपका लंदन ट्रिप अधूरा है।



**ब्रिटिश म्यूजियम**
इस म्यूजियम में सात मिलियन वस्तुएं प्रदर्शन के लिए रखी गई है। यहां आपको लंदन की ही नहीं, बल्कि प्राचीन मिस्र, यूनान और रोम आदि की कई प्राचीन चीजें देखने को मिलेगी। इस म्यूजियम में सबसे महत्वपूर्ण एल्गिन मार्बल, रोसेटा स्टोन, दुनिया की स 'जिंजबसे पुरानी ममीर' आदि है।

**ब्रिटिश लाइब्रेरी**
ब्रिटिश लाइब्रेरी आपको कई साहित्यिक पुस्तकें और कई पांडुलिपियां मिलेगी। इसी तरह यहां बनी स्थायी प्रदर्शनी गैलरी हेंडल और बीथोवन द सर जॉन रितब्लात में 200 से अधिक पुस्तकें देखने को मिलेगी।

**विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय**
प्रिंस एल्बर्ट और क्वीन विक्टोरिया की स्थापना 1852 में की गई थी और यह करीब 12.5 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है, और इसमें 145 गैलरियां है। यहां प्रवेश नि:शुल्क है।

**लंदन टॉवर**
लंदन टॉवर एक ऐतिहासिक किला है जिसमें इंग्लैण्ड के राजपरिवार का मुकुट रखा गया है। इसके पास ही में एक प्रसिद्ध टावर ब्रिज भी है।

**मैडम तुसाद वैक्स म्यूजियम**
लंदन में ही मैडम तुसाद वैक्स म्यूजियम है जो मोम की मूर्तियों का विश्व प्रसिद्ध संग्रहालय हैं। इस संग्रहालय में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदरा गांधी और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान और सलमान खान सहित कई बॉलीवुड एक्टर्स की मोम की मूर्तियां बनी हुई है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# नारियल पानी से चेहरा धोने पर आएगा गजब का निखार



नारियल पानी सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इसमें काफी मात्रा में ओमेगा 3 फैटी एसिड, विटामिन सी और अमीनो एसिड होते हैं जो शरीर को कई बीमारियों से दूर रखते हैं। नारियल पानी के सेहत से जुड़े फायदों के बारे में तो सुना होगा लेकिन आज हम आपको नारियल पानी को फेसपैक की तरह इस्तेमाल करने के बारे में बताएंगे। आइए जानिए नारियल पानी को इस्तेमाल करने का तरीका और फायदों के बारे में

**1. चेहरे में निखार**

इसके लिए मुल्तानी मिट्टी में नारियल पानी मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर 10 मिनट के लिए लगाएं। कुछ देर के बाद पानी से धो लें। इससे गर्दन का कालापन दूर होगा और चेहरे में निखार भी आएगा।

**2. मुंहासों की समस्या**

चेहरे पर मुंहासों की समस्या दूर करने के लिए रोजाना दिन में 2 बार नारियल पानी से चेहरे को धोएं।

**3. बालों के लिए फायदेमंद**

बालों को मुलायम बनाने के लिए किसी भी तेल में नारियल पानी मिलाएं और इसे अच्छी तरह बालों में लगाकर मालिश करें। इससे बालों का रूखापन दूर होगा और डैंड्रफ की समस्या भी दूर होगी।

# सफेद बालों को काला करने के लिए ट्राई करें ये 5 घरेलू तरीके



आजकल बढ़ते पोल्यूशन के कारण लोगों में सफेद बालों की समस्यां बढ़ती जा रही है। बड़ो से लेकर बच्चे तक इस समस्यां को लेकर परेशान रहते है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप हेयर कलर जैसी चीजें इस्तेमाल करते है जो आपके बालों को और भी ज्यादा नुकसान पहुचांती है। आज हम आपको सफेंद बालों को काल करने के लिए कुछऐसे घरेलू उपाएं बताने जा रहें है जिससे आप बिना किसी नुकसान के इस प्रॉब्लम से छुटकारा पा सकते है।

1. ब्लैक टी

2 टेबलस्पून चाय पत्ती को पानी में अच्छ तरह से उबाल लें। अब इसे ठंडा करे बालों पर लगाएं। हफ्ते में कम से कम दो बार इसका इस्तेमाल करें। एक महीने में ही आपे बाल काले हो जाएंगे।

2. नारियल तेल और नींबू

जरूरतनुसार नारियल के तेल में 2 टेबलस्पून नींबू के रस को मिला लें और फिल कंदी कर लें। आधे धंटे तक इसे बालों में लगाने के बाग माइल्स शेम्पू से सिर धो लें। हफ्ते में कम से कम दो बार इसे जरूर लगाएं।

3. सेब वाटर

सेब पत्ती को पानी में अच्छी तरह उबाल कर ठंडा कर लें। इसे बेयर स्प्रे बॉटल में डाल कर बालों में लगा लें। 25 मिनट बाद शेम्पू से बाल धों लें। हफ्ते में दो बार इसे लगाने से आपे सफेद बाल जल्द ही काले हो जाएंगे।

4. हिना कटेचु

1 कप हिना पाउडर में कॉफी पाउडर, 1 टीस्पून दही, 1 टेबलस्पून नींबू का रस, 1 टेबलस्पून बबूल, सिरका, 1 टीस्पून काजू पाउडर और 1 टीस्पून ब्राह्मी को अच्छी तरह मिक्स कर लें। इस नेचुरल हेयर ड्राई का हफ्ते में दो बार इस्तेमाल करें।

5. हिना और शिकाकाई

1 कप हिना में 1 टीस्पून आंवला पाउडर, 1 टेबलस्पून शिकाकाई, 1 टेबलस्पून सोप नेट, नींबू का रस, दही, नारियल का तेल और 1 टेबलस्पून रीठा पाउडर मिला कर 1 घंटे के लिए बालों में लगा लें और उसके बाद सिंपल पानी से सिर धो लें।

# अंगुलियां चटकाने का शौक हैं तो जान लें इसके नुकसान



कुछ लोगों को हाथों की उंगुलियां चटकाने की आदत होती है। इससे आने वाली आवाज के कारण भी अलग-अलग होती है। जिसका असर हड्डियों पर पड़ता है। यह आदत धीरे-धीरे गठिए का कारण भी बनती है। उगुलियां चटकाने से नसे दोबारा अपनी उंगुलियों तक वापिस नहीं पहुंच पाती और इससे जोड़ों में तरल पदार्थों की कमी होने के कारण सेहत पर बुरा असर पड़ता है।

**लोग कब चटकाते हैं अंगुली**

ज्यादातर लोग थकान या फिर नर्वस होने पर उंगुलियां चटकाते हैं। लगातार 7-8 घंटों तक कम्प्यूटर पर काम करते रहने से थकावट महसूस होने लगती है। इस थकान से राहत पाने के लिए उनको यह तरीका आसान लगता है।

**अंगुलियां चटकाने के नुकसान**

यह आदत सेहत के लिए बहुत नुकसानदेह हो सकती है। आपको भी इस तरह की आदत है तो पहले इसके नुकसान जान लें। ऐसा करने के दर्द का अहसास नहीं होता लेकिन इससे जोड़ों की कोशिकाएं खराब हो जाती हैं। जिससे हाथों की कपड़ रक भी बुरा असर पड़ता है। इससे सूजन भी होने लगती है।

# खड़े होकर पानी पीएंगे तो घुटने हो जाएंगे खराब



कहते है कि हमारे शरीर का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा बानी से बना होता है। इसलिए शरीर में कभी भी पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। दिन में आप जितना पानी पीएं , शरीर को बीमारियों से लड़ने की शक्ति भी उतनी ही मिलेगी। इसलिए जरूरी है कि दिन में कम से कम 8-9 गिलास पानी का सेवन जरूर करें लेकिन कई बार ऐसा होता है कि हम पानी गलत तरीके से पी लेते है जिससे शरीर को कई तरह का नुकसान पहुंचा है। अगर आप भी खड़े होकर पानी पीते है तो इससे शरीर को होने वाली नुकसान जान लें।

---

**गुर्दे की बीमारी**

गुर्दे का काम होता है पूरे शरीर में पानी का प्रवाह करना। यदि आप खड़े होकर पानी पीते है तो पानी पूरे शरीर में नहीं पहुंच पाता और गुर्दे में जमा हो जाता है। इस वजह से मूत्राशय और रक्त में गंदगी जमा होने लगती है।

**पेट की बीमारी**

खड़े होकर पानी पीने से खाद्य नलिका से गुजरते हुए तेजी से नीचे चला जाता है। इस वजह से पेट की अंदरूनी दीवार और आसपास के अंगों को नुकसान पहुंचता है। पाचन शक्ति बिगड़ जाती है।

**गठिए की समस्या**

जब हम खड़े होकर पानी पीते हैं तो वह जोड़ों में मौजूद तरल पदार्थ के संतुलन को खराब कर देता है। जिसकी वजह से जोड़ों में दर्द की समस्या रहने लगती है।पानी हमेशा आराम से बैठकर पीएं। इससे ही फायदा मिलेगा।

# घुटनों और कोहनियों का कालापन करें दूर, खर्च करें सिर्फ २ रुपए

हम लोग अक्सर अपने चेहरे को तो चमका लेते है लेकिन कोहनियों और घटनों पर ध्यान नहीं देते है। जब कभी बाहर कोई स्लीव्सलेस या शॉर्ट ड्रैस पहननी हो तो हमे उनका कापापन नजर आने लगते है जिस वजह से अक्सर हम लोग ऐसी ड्रैस पहनने से कतराने लगते है। कोहनी और घुटनों का कालापन दूर करने के लिए वैसे तो बहुत सी लड़कियां कई ट्रीटमेंट और क्रीम्स का सहारा लेती है लेकिन कोई सफल परिणाम नहीं मिल पाता। अगर आप भी घुटनों और कोहनियों का कालापन दूर करने की हर मुमकिन कोशिश कर चुकी है तो हम आपको घरेलू ट्रीटमेंट बताएंगे जो आपके बहुत काम आएगा।

स्टेप 1- खीरे की 3-4 स्लाइस काट लें। अब उनको घटनों और कोहनियों पर लगभग 10-15 मिनट तक रगड़ें। 5 मिनट के बाद इसको ठंडे पानी से धो दें।

स्टेप 2- अब स्क्रब करने के लिए एक बाउल में बेकिंग सोडा डालें और थोड़ा सा दूध मिला लें। अब इस मिक्सचर को 5 मिनट तक कोहनी और घटनों पर लगाकर स्क्रब करें।

स्टेप 3- अब वाइटनिंग पैक का इस्तेमाल करें। पैक बनाने के लिए 2 चम्मच प्याज का पेस्ट, 2 चम्मच नींबू का रस आधा चम्मच शहद और 1 चम्म्च बेसन मिला लें और काली त्वचा पर लगाएं। इस प्रक्रिया को 3-4 बार ट्राई करें। इससे कोहनी और घुटनों का कालापन दूर होगा।

# 'अगले महीने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं आशीष नेहरा'



**नई दिल्ली।** उम्र को सिर्फ एक नंबर बताकर 38 साल की उम्र में भी टीम इंडिया के साथ बने हुए आशीष नेहरा अब अंतराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं। भारतीय टीम के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज को हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज में टीम के साथ चुना गया है। लेकिन एक खबर के मुताबिक वो अगले महीने अपने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट पर विराम लगा सकते हैं। नेहरा मौजूदा ड्रेसिंग रूम में तेज गेंदबाजों को अनुभव देने का काम भी कर रहे हैं। टी20 क्रिकेट में आशीष नेहरा का बेहतरीन रिकॉर्ड रहा है लेकिन खबर के मुताबिक आशीष नेहरा ने अब अपने भविष्य को लेकर फैसला कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक आने वाले महीने में वो अंतराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। खबर के मुताबिक सिर्फ आशीष नेहरा ही नहीं, उनके अलावा टीम इंडिया से बाहर चल रहे देश के कई और लिजेंड्री नाम अब अंतराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं। हालांकि नेहरा के अलावा बाकी किसी भी खिलाड़ी का नाम उजागर नहीं किया।

## एशिया कप हॉकी

# नंबर एक का दर्जा बनाए रखने के इरादे से उतरेगा भारत

**ढाका।** एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट का आगाज आज से होने जा रहा है। एशिया में नंबर एक का अपना दर्जा बनाए रखने की कवायद में भारतीय हॉकी टीम टूर्नामेंट के पहले मैच में जापान का सामना करेगी। एशिया कप भारतीय हॉकी में नए युग का सूत्रपात भी होगा, चूंकि रोलैंट ओल्टमैंस की बर्खास्तगी के बाद 43 वर्षीय नए कोच शोर्ड मारिन के मार्गदर्शन में यह पहला टूर्नामेंट होगा। ओल्टमैंस के चार साल के कार्यकाल में भारतीय हॉकी टीम



विश्व रैंकिंग में 12वें से छठे स्थान पर पहुंच गई थी। पिछली बार उप विजेता रही भारतीय टीम की कमान मिडफील्डर मनप्रीत सिंह के हाथ में है। भारत को पूल-ए में जापान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। पूल-बी में गत चैंपियन कोरिया, मलेशिया, चीन और ओमान हैं। भारत का इरादा जीत के साथ आगाज करने का होगा। मनप्रीत ने कहा, 'शुरूआती मैच हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि हमें नर्वस हुए बिना लय हासिल करनी होती है। टीम के हौसले बुलंद हैं और हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। हम इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम के रूप में उतरेंगे और हमारा लक्ष्य नंबर वन का दर्जा बनाये रखने का होगा।' भारत ने इस साल अजलान शाह कप में जापान का 4-3 से हराया था। भारतीय टीम जापान को कमजोर आंकने की गलती नहीं कर सकती जो समय-समय पर जाइंट किलर साबित हुई है। उसने अजलान शाह कप में विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया था। एशिया कप के बाद भारत को दिसंबर में भुवनेश्वर में एफआइएच विश्व हॉकी लीग फाइनल खेलना है। हाल ही में यूरोप दौरे पर युवाओं को मौका देने के बाद अब युवा और अनुभवी खिलाड़ियों की मिली जुली टीम उतारी गई है।

गोलकीपर आकाश चिकते और सूरज करकेरा ने टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है, जबकि डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह और सुरेंद्र कुमार ने यूरोप दौरे पर आराम दिए जाने के बाद वापसी की है। टूर्नामेंट में पूर्व कप्तान सरदार सिंह, आकाशदीप सिंह, सतबीर सिंह और एसवी सुनील जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की भी वापसी हुई है। 'एशिया कप नई शुरूआत है। सिर्फ मेरे लिए नहीं, बल्कि टीम के लिए भी। हमें इस टूर्नामेंट के जरिये एक-दूसरे को आंकने का मौका मिलेगा।'

## अंडर-17 फीफा विश्व कप

# कोलंबिया ने मैच जीता, टीम इंडिया ने दिल



**नई दिल्ली।** संघर्षपूर्ण मुकाबले में कोलंबिया ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए ग्रुप-ए के मैच में भारत को अप्रत्याशित 2-1 के अंतर से मात दी। कोलंबिया के लिए दोनों गोल जुयान सेबस्टियन पेनालोजा ने 49वें और 83वें मिनट में किए। भारत के लिए विश्व कप का पहला गोल 82वें मिनट में जैक्सन सिंह थायुनाओजाम ने किया। पहले मैच में संघर्ष करने वाली मेजबान टीम भारत ने इस मैच में काफी मेहनत की और पूरे जोश के साथ कोलंबिया का सामना किया। अमेरिका के खिलाफ जो टीम खेली उससे यह टीम काफी अलग लग रही थी। टीम का डिफेंस शानदार था। उसने कोलंबिया जैसी मजबूत टीम को पहले हाफ की समाप्ति तक ज्यादा मौके नहीं दिए और अपने ऊपर हावी भी नहीं होने दिया। कोलंबिया ने जो दो मौके बनाए उन्हें भारतीय गोलकीपर धीरज सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन से नकार दिया। धीरज के अलावा भारतीय रक्षापंक्ति खासकर अनवर अली ने कोलंबिया के हाथ से मौके छीने। कोलंबिया के लिए यहां जीत किसी भी तरह से आसान नहीं थी। बेहद आक्रामक खेलने के बाद भी वह मेजबान टीम को कभी हताश नहीं कर पाई।



# साल 2021 विश्वकप में खेल सकती हैं भारतीय कप्तान मिताली राज

**नई दिल्ली।** भारत की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने 2021 में अपने पांचवें विश्व कप में खेलने का विकल्प खुला रखा है। मिताली ने कहा कि अगर उनकी फॉर्म और फिटनेस उन्हें निराश नहीं करती है तो वे पांचवा विश्वकप जरुर खेलना चाहेगी। इस साल जून-जुलाई में इंग्लैंड में हुए विश्व कप में मिताली की अगुआई वाली भारतीय टीम ने फाइनल में जगह बनाई थी और इससे पहले उन्होंने कहा था कि यह उनका अंतिम विश्व कप होगा। लेकिन अब लगता है कि वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली इस बल्लेबाज ने अपना मन बदल लिया है। मिताली ने कहा, मैंने अगले विश्व कप में खेलने के विचार को खारिज नहीं किया है लेकिन विश्व कप के चौथे साल तक पहुंचने के लिए मुझे पहले अगले तीन साल से गुजरना होगा। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह देखना और आकलन करना भी महत्वपूर्ण होगा कि तब तक (2021 तक) मेरी फॉर्म कैसी रहती है, इसलिए अभी मैं अभी विश्व टी20 और 2018 के अन्य मैचों के बारे में सोच रही हूं। भारतीय टीम ने जुलाई में विश्व कप के बाद से कोई मैच नहीं खेला है और टीम अपनी अगली सीरीज फरवरी में ही खेलेगी। मिताली ने कहा कि खिलाड़ी साउथ अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी वनडे चैंपियनशिप की अपनी पहली सीरीज की तैयारी दिसंबर में शुरू करेगी। इस चैंपियनशिप के हिस्से के तौर पर भारत को साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच से 10 फरवरी तक तीन मैचों की सीरीज खेलनी है।

# सिंधु, साइना से महंगे बिके समीर वर्मा, सबसे ज्यादा कीमत मिली प्रणय को



हैदराबाद। शीर्ष शटलर एचएस प्रणय सोमवार को प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) की तीसरे सत्र की नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बने। किदांबी श्रीकांत और धार के समीर वर्मा भी अपनी छाप छोड़ने में सफल रहे। इन तीनों खिलाड़ियों ने पीवी सिंधु और साइना नेहवाल को नीलामी में काफी पीछे छोड़ दिया। प्रणय को अहमदाबाद स्मैश मास्टर्स ने 62 लाख रुपए में खरीदा। उनके पिछले साल की कीमत 25 लाख रुपए थी। अब वे आगामी सत्र के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए है। अवध वॉरियर्स ने श्रीकांत के लिए 56.1 लाख रुपए खर्च किए। धार (मप्र) के समीर वर्मा को मुंबई रॉकेट्स ने 52 लाख, जबकि अजय जयराम को नॉर्थ ईस्ट वॉरियर्स ने 45 लाख रुपए में खरीदा। सिंधु और साइना को उनकी पुरानी फ्रेंचाइजी ने बढ़ी कीमतों के साथ अपनी टीम में बरकरार रखा। मौजूदा चैंपियन चेन्नई स्मैशर्स ने सिंधु को 48.75 लाख रुपए में टीम में बनाए रखा। सिंधु को पिछले साल नीलामी में 39 लाख रुपए में खरीदा था। साइना को अवध वॉरियर्स ने 41.25 लाख रुपए में बरकरार रखा, जबकि उनका पिछले साल आधार मूल्य 33 लाख रुपए था। पीबीएल का तीसरा सत्र 22 दिसंबर 2017 से 14 जनवरी 2018 तक चलेगा।






NALOG RECORDS & NARESH AGARWAL PRESENTS
ANALOG
BUNNY S ft. ENZO
KKILL
2
DAYS
TO GO
NZO
APNIL RAJ
HAYER
R
ERJEET SINGH RAJA